सुविचार

मनुष्य को हमेशा मौका नही ढूंढना चाहिये, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-21 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 30 जून 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# यह गर्व की बात कि बानमोर का टायर विदेशों तक जा रहा : मुख्यमंत्री श्री चौहान

## मध्य प्रदेश अब बीमारू नहीं, विकसित राज्यों की पंक्ति में अग्रणी राज्य

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया जेके टायर प्लांट बानमोर की क्षमता विस्तार के प्रथम चरण का उद्घाटन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि यह गर्व की बात है कि बानमोर का टायर विदेशों तक जाकर विदेशी मुद्रा से देश को आर्थिक रूप से और मज़बूत बना रहा है। जेके टायर इंडस्ट्रीज़ के बानमोर प्लांट का ग्वालियर-चंबल संभाग सहित प्रदेश एवं देश के आर्थिक विकास में बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केंद्रीय कृषि और किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मुरैना के औद्योगिक क्षेत्र बानमोर में जेके टायर इंडस्ट्रीज के 312 करोड़ की लागत के मैन्यूफ़ैक्चरिंग फेसिलिटी क्षमता विस्तार के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज मध्य प्रदेश विकसित राज्यों की पंक्ति में अग्रणी राज्य है, हमारी औद्योगिक विकास दर लगातार 24 प्रतिशत बनी हुई है ।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूल नीति, आवश्यक इंफ्रा-स्ट्रक्चर एवं सुरक्षित वातावरण करवाने से प्रदेश देश में उद्योगों के निवेश का केंद्र बिंदु बना हुआ है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट में 15 लाख करोड़ से अधिक के औद्योगिक निवेश के अनुबंध हुए, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न उद्योगों का नियमित निवेश प्रदेश में आ रहा है और नवीन रोज़गार का सृजन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रदेश के युवाओं के स्किल डेवलपमेंट एवं रोज़गार में वृद्धि के हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना प्रारंभ की जा रही है। योजना में युवाओं को विभिन्न उद्योगों में ट्रेनिंग दी जायेगी,



### मुख्यमंत्री ने किया जेके टायर प्लांट का भ्रमण

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केंद्रीय मंत्री द्वय श्री तोमर और श्री सिंधिया एवं जेके टायर इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रघुपति सिंघानिया एवं श्री अंशुमन सिंघानिया के साथ प्लांट का भ्रमण किया।

विभिन्न ट्रेडों के दौरान उन्हें पात्रतानुसार 8 से 10 हज़ार रुपये का स्टायपेंड भी प्रदान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के भारत को 5 ट्रिलियन इकॉनोमी बनाने के लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में हमने मध्यप्रदेश की इकॉनमी को 550 बिलियन का बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश एवं देश के विकास में उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उद्योगों से नवीन रोज़गार का सृजन होता है,कराधान बढ़ता है जो प्रदेश और देश को आर्थिक रूप से मज़बूत करता है। जेके टायर इंडस्ट्रीज ने ग्वालियर-चंबल संभाग के आर्थिक विकास एवं बड़ी संख्या में रोज़गार देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में 18 वर्षों में बीमारू राज्य के टैग को हटाकर आज प्रदेश विकसित राज्यों की पंक्ति में अग्रणी है। जेके टायर इंडस्ट्रीज़ ने प्रदेश के आर्थिक विकास में बड़ा योगदान दिया है एवं देश-दुनिया में नाम बनाया है। पूर्व मंत्री श्री रुस्तम सिंह, अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री रघुराज कंसाना, ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिर्राज दण्डोतिया, विधायक श्री कमलेश जाटव और समाजसेवी श्री हमीर सिंह पटेल, उपस्थित थे।

# Article 51 क- भारतीय नागरिकों के मूल कर्तव्य क्या है पढ़िए।

भारतीय संविधान के भाग-तीन में नागरिकों को मौलिक अधिकार दिए गए हैं एवं भारतीय संविधान के भाग-चार में राज्यो के लिए नीति निदेशक तत्वों का वर्णन किया गया है। अब सवाल यह था कि राज्य के कर्तव्यों को संविधान के बता दिया गया है जो अनुच्छेद 36 से 51 तक दिए गए हैं लेकिन नागरिकों के भी मूल कर्तव्य होना भी जरूरी है इसीलिए सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 42वे संविधान संशोधन अधिनियम,1976 द्वारा संविधान में भाग- 4क जोड़ा गया एवं एक नया अनुच्छेद 51क बनाया गया जिसमें नागरिकों के मूल कर्तव्यों का वर्णन किया गया पढ़िए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के अनुच्छेद 51क की परिभाषा?**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51क में नागरिकों को 11 प्रकार के मूल कर्तव्य दिए हैं एवं संविधान नागरिकों से अपेक्षा करता है कि नागरिक इन कर्तव्यों का पालन करे लेकिन नागरिक कर्तव्यों के पालन करने के लिए किसी भी प्रकार से बाध्य नही होगा।

1. नागरिक संविधान का पालन करे एवं उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज,राष्ट्रगान का सम्मान करें।
2. स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों का पालन करें।
3. भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे।
4. देश की रक्षा करे एवं आवाहन किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करे।
5. भारत के सभी लोगों में समरसता और समान की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा, प्रदेश (स्थान) एवं वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से अलग हो।एवं स्त्री के सम्मान के विरुद्ध प्रथाओं का त्याग करें।
6. हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्व को समझे एवं उनकी रक्षा करे।
7. वन, झील, नदी, और वन्य जीवों की रक्षा करे एवं उनके प्रति दया भाव रखे।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद, ज्ञानार्जन एवं सुधार की भावना का विकास करे।
9.सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करे एवं हिसा से हमेशा दूर रहे।
10. व्यक्तिगत और सामुहिकगतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का प्रयास करें।
11. माता पिता का कर्तव्य होगा कि वह 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा का अवसर प्रदान करे एवं उनको विद्यालय भेजे।

# किसी भी बालिग लड़की की शादी परिवार वाले जबर्दस्ती नहीं कर सकते हैं-दिल्ली हाईकोर्ट



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

भारतीय संविधान अधिनियम,1950 का अनुच्छेद 21 व्यक्ति को प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार देती है अर्थात व्यक्ति को गरिमा एवं मान सम्मान के साथ जीने का अधिकार प्राप्त है। लता सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अभिनिर्धारित किया कि वयस्क बालक और बालिका अपनी स्वेच्छा से अंतरजातीय विवाह या अपनी पसंद से विवाह कर सकते हैं एवं यह उनका अनुच्छेद 21 के अंतर्गत वैयक्तिक स्वतंत्रता का अधिकार है।

**किसी महिला को शादी करने के लिए परिवार वाले मजबूर नहीं कर सकते हैं?**

दिल्ली हाईकोर्ट की खंडपीठ न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर ने एक वयस्क महिला को राहत दी है। एक महिला ने अपनी पसंद के पुरूष से शादी करने के लिए अपना घर दिया था। परिवार वाले उसकी शादी कही अन्य पुरुष के साथ करवा रहे थे। इस मामले में न्यायालय ने उल्लेख किया कि लडक़ी बालिग होने के नाते वह चाह जहाँ ओर जिसके साथ रहना है रह सकती है परिवार वाले उसे न रहने के लिए मजबूर नहीं कर सकते हैं।


# जिंदा जला इंजीनियर: आग बुझाने के लिए जलते घर में घुसा सीढ़ियों पर मिला जला हुआ शव

**भोपाल।** भोपाल में कृषि यांत्रिकीय विभाग में पदस्थ इंजीनियर की जिंदा जलने से मौत हो गई। उनके घर में आग लग गई थी। बताया जा रहा है कि लोगों के मना करने के बावजूद आग बुझाने के इरादे से वह जलते घर में दाखिल हो गए। तभी धुआं और आग की चपेट में आ गए। एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को उनका जला हुआ शव सीढ़ियों पर मिला। घटना बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे की है। भोपाल के बागमुगलिया क्षेत्र की पेबल-बे कॉलोनी में अनिल पोरवाल (55) का घर है। वह संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी में कृषि यंत्री के पद पर पदस्थ थे। परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटी है। बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपने पालतू कुत्ते को घुमाने के बाद घर में पत्नी और बेटी के साथ बैठे थे। उन्हें मकान की पहली मंजिल से धुआं निकलता दिखा। वह दौड़कर पहली मंजिल पर पहुंचे, तो आग विकराल रूप ले चुकी थी। पहले उन्होंने पत्नी और बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए थे। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। करीब 45 मिनट के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



# पुतिन ने मोदी और मेक इन इंडिया की तारीफ की

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत और प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि भारत एक ऐसा देश है, जो कंपनियों को अपने देश में आकर काम करने के लिए बढ़ावा दे रहा है। पुतिन ने कहा, 'हमारे खास दोस्त PM नरेंद्र मोदी ने कई सालों पहले मेक इन इंडिया की शुरुआत की थी। आज भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका असर साफ नजर आ रहा है। रूसी मीडिया ऋ्रञ्ज के मुताबिक पुतिन गुरुवार को मॉस्को में रशिया एजेंसी फॉर स्ट्रैटेजिक इनिशिएटिव्स (ASI) की तरफ आयोजित एक फोरम में बोल रहे थे। उन्होंने रूस में घरेलू प्रोडक्ट्स और ब्रैंड्स को बढ़ावा देने के लिए भारत का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, 'ऐसे समय में जब पश्चिमी देश लगातार रूस के साथ व्यापार पर पाबंदी लगा रहे हैं, हमें भारत की तरह अपने देश की कंपनियों को बढ़ावा देते हुए उन्हें एक बेहतर मार्केट उपलब्ध करवाना चाहिए।



### रूसी ऐंबैस्डर ने कहा था- भारत से रिश्ते और मजबूत हुए

हाल ही में भारत में मौजूद रूस के ऐंबैस्डर डेनिस एलिपोव ने कहा था कि रूस और भारत के बीच खास स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप है। ये समय के साथ और मजबूत हो रही है। कुछ समय से रूस को लेकर दुनिया में झूठ फैलाए जा रहे हैं। भारत-रूस के रिश्तों को कई लोगों ने खराब करने की कोशिश की, लेकिन हम पहले से ज्यादा करीब आए हैं। ये पहली बार नहीं है जब रूसी राष्ट्रपति ने PM मोदी की तारीफ की है।

# प्रिडेटर ड्रोन की कीमत अन्य देशों से 27 फीसदी कम

## केंद्र सरकार के अफसर का दावा, कांग्रेस ने अधिक कीमत में खरीदने का आरोप लगाया था

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के एक सीनियर अफसर ने गुरुवार को दावा किया कि अमेरिका से हम जो 31 प्रिडेटर ड्रोन खरीद रहे हैं उसकी कीमत अन्य देशों को दी गई कीमत से 27 फीसदी कम है। भारत अगर इन ड्रोन में और सुविधाएं नहीं लेगा तो हो सकता है कीमत और भी कम हो जाए। अभी कीमत को लेकर बातचीत चल रही है। अधिकारी ने बताया कि अमेरिका से सौदा 3.072 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 25 हजार 200 करोड़ रुपए में हुआ है। यानी एक ड्रोन 9.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर में मिलेगा।्श्च को यही ड्रोन 16.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर में बेचा गया है।



### क्या है ड्रोन डील

भारत अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स से कुल 31 ड्रोन (16 स्काई गार्डियन और 15 सी गार्डियन ड्रोन) खरीद रहा है। इन्हें जनरल एटॉमिक्स ने बनाया है। ड्रोन जुलाई से मिलने लगेंगे। भारत ने अमेरिका से प्रिडेटर ड्रोन 3.072 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 25 हजार 200 करोड़ रुपए में खरीदने की डील की है।

### रक्षा मंत्रालय ने कहा कीमत अभी तय नहीं

हालांकि कीमत के साथ-साथ खरीद प्रक्रिया पर रिपोर्टों को खारिज करते हुए रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा था कि भारत ने अभी तक अमेरिका से 31 एमक्यू-9बी ड्रोन की खरीद की कीमत शर्तों को अंतिम रूप नहीं दिया है। खरीद से पहले मैन्यूफैक्चरर्स से दूसरे देशों को दी जाने वाली कीमत और हमें ऑफर की जा रही कीमत की जांच की जाएगी।

# अपनों से अपनी बात पर विशेष संवाद के लिए पहुंचे भोपाल लीलाधर अहिरवार



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

भोपाल। अपनों से अपनी बात कार्यक्रम के तहत लीलाधर अहिरवार पहुंचे आज भोपाल जहाँ उन्होंने ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मत्त्वपूर्ण चर्चा की चर्चा में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कर्मचारी अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष लीलाधर अहिरवार ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी से लगातार हम 2013 से मांग करते आ रहे हैं क्योंकि मांगे तो अलग-अलग माध्यमो से 2018 में संयुक्त रूप से सभी संविदा संगठनों ने हड़ताल की लोगों ने इस संबंध में सभी संगठनों ने मिलकर काफी स्तर पर संघर्ष भी किया और माननीय मुख्यमंत्री जी से हम लोगों ने अपेक्षा की उनकी तरफ से सकारात्मक परिणाम आए संविदा नीति भी बनाई गई जिसका पालन आजतक नही



हो पा रहा है और अभी भी अपेक्षा करते हैं कि मुख्यमंत्री जी हम संविदा कर्मचारी अन्य कर्मचारियो के भले के लिए रास्ते तैयार करेंगे और हम सभी का भला करने का काम करेंगे मध्य प्रदेश में माननीय विधायकगण भी हैं जो सत्ता पक्ष के भी हैं कुछ विपक्ष के माननीय विधायकगढ़ हैं उन सभी ने माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग की है और अपनी बात रखी है कि माननीय मुख्यमंत्री जी कब तक संविदा कर्मियों को नियमितीकरण करेंगे तो हमारी भी अपेक्षा है कि मुख्यमंत्री जी हम सब का भी भला करेंगे और हम लोगों को भी नियमित करण करने का काम करेंगे प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, चेनल हेड, न्यूज रिपोर्टर, पत्रकार, संवाददाता, साथियों के साथ संवाद किया व विभिन्न कर्मचारी, संगठनों के प्रमुख जनों से मुलाकात की साथ मे श्री जी वी वर्ती, उमेश मिश्रा जी, संतोष योगी अफजल भाई, प्रदीप नागर, सुनील कुशवाहा जी रामचरण जी, राजू पामाखेड़ी जी आदि शामिल रहे।






# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया




**पत्रकार बीआर अहिरवार**

नर्मदापुरम। शासकीय नर्मदा महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें प्राचार्य डॉ डॉ एन चौबे ने सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्त होने का संदेश दिया तथा नशा नहीं करने की शपथ दिलाई महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया पोस्टर प्रतियोगिता वॉल पेंटिंग मानव संखला रंगोली व्याख्यान इत्यादि का आयोजन किया गया छात्र-छात्राओं में नशा के दुष्परिणाम से अवगत कराने हेतु नशा मुक्ति अभियान चलाया गया डा हीरा वर्मा कार्यक्रम अधिकारी राष्टीय सेवा योजना कहा ना तो नशा करेंगे ना नशा करने देंगे सभी छात्र छात्राएं आज से नशे के विरुद्ध एक अभियान चलाएंगे जिससे स्वस्थ युवा स्वस्थ राष्ट का निर्माण हो सके कार्यक्रम में डॉक्टर कमल भादवा डॉक्टर ने डॉक्टर संजय चौधरी डॉक्टर एसी हरने डॉ प्रीति उदयपुर श्रीमती नित्या पटेरिया नीलू श्रीमती नीले अर्चना पटेल जय सिंह ठाकुर रूपा भावसार शोभा बिसेन डॉ अर्पणा श्रीवास्तव छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# भीम आर्मी प्रमुख पर जानलेवा हमले के विरोध प्रदर्शन

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

छतरपुर। आज दिनांक 29/06/2023 को भीम आर्मी चीफ एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्टीय अध्यक्ष बड़े भाई माननीय एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद जी के ऊपर देवबंद जिला सहारनपुर में हुए हमले के विरुद्ध छतरपुर कलेक्टर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी एवं चंद्रशेखर आजाद जी को ˚+ सिक्योरिटी दिए जाने की मांग लेकर आज छतरपुर कलेक्टर महोदय के द्वारा महामहिम राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

**ई. देवीदीन देव भैया**
**प्रदेश सचिव**
**आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) मध्यप्रदेश**



# अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर सेमीनार का आयोजन किया गया है

**पत्रकार बीआर अहिरवार**

नर्मदापुरम। शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में नशीले पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर सेमीनार का आयोजन किया गया है। यह संगोष्ठी सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नर्मदापुरम, एन एस एस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक श्री कौशलेश तिवारी, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन कार्यक्रम समन्वयक डॉ हर्षा चचाने एवं डॉ कंचन ठाकुर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। प्राचार्य एवं अतिथि द्वारा छात्राओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। संगोष्ठी में स्वागत भाषण में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन ने कहा कि नशीले पदार्थ हमारे स्वास्थ के लिए तो हानिकारक हैं ही साथ-साथ समाज मे भी इसका चलन एवं उपयोग एक स्वस्थ समाज के निर्माण में बाधक बन रहा है। हमें प्रेरक के रूप में समाज में कार्य करना होगा। यह महाविद्यालय पूर्णतः नशा मुक्त है और महाविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मादक पदार्थों के सेवन से जागरूक रहने के लिए लगातार प्रेरित किया जाता है। महाविद्यालय में नशामुक्ति से संबंधित संबंधित गतिविधियां सतत् संचालित की जा रही हैं। महाविद्यालय में नशामुक्ति समिति का गठन किया गया है जो सतत् निगरानी करती है। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता श्री कौशलेश तिवारी जी ने विषय को सरल भाषा में व्यस्त करते हुए कहा कि हम समझते तो है लेकिन विवेक का उपयोग नहीं करते। तम्बाकू के नशे से लगभग 54 लाख लोगों की मृत्यु होती हैं। आज ड्रग्स और नशीली दवाओं के व्यापार को सीधे तौर पर हत्या तथा बन्दूक हिंसा अपराध की श्रेणी में रखा गया है। हमें स्वयं नशा मुक्त रहते हुए स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता देनी होगी। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. हर्षा चचाने ने महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति एवं जन जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक, रैली एवं नशा मुक्ति से संबंधित प्रतियोगिता आदि गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं की सहभागिता सराहनीय रही है। नुक्कड नाटक में राधिका यादव, दीप्ति कुशवाह, नौशिवा खान, डॉली पवार, पूजा गोस्वामी, शिवानी धुर्वे, शीतल बामने, प्राची, सुहानी कीर, देविका तिवारी, विशाखा शर्मा द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. कीर्ति दीक्षित द्वारा एवं आभार श्री रफीक अली द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ विजया देवस्कर डॉ नीतू पवार डॉ अनिल रजक दशरथ मीणा कु सौम्या चौहान श्रीमती प्रीति ठाकुर एवं भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे सबंधी व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे थे मुख्यमंत्री

# शहडोल दौरे पर पहुंचे सीएम शिवराज, दिखा अलग अंदाज



कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)

मुख्यमंत्री आज को शहडोल दौरे पर थे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री श्री Narendra Modi की उपस्थिति में 27 जून को वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम सबंधी तैयारियों का जायजा लिया। सीएम शिवराज की संवेदनशीलता के तो सभी कायल हैं लेकिन तैयारियों का जायजा लेने के पश्चात सीएम का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला, जो भावनात्मक भी है और हृदयस्पर्शी भी, यही बात उन्हें अन्य नेताओं से अलग बनाती है।

## मजदूरों के बीच पहुँचे सीएम

कार्यक्रम सबंधी तैयारियों का जायजा लेने के पश्चात मुख्यमंत्री शहडोल के पकरिया गांव में भरी दोपहरी में मजदूरों को काम करते देख उनके बीच पहुँच गए। सीएम को अपने बीच देख काम कर रहे मजदूरों के चेहरों पर खुशी और आनन्द का ठिकाना न रहा। उनके चेहरे पर खुशी झलक रही थी। सीएम ने मजदूर भाई-बहनों से चर्चा कर उनके हाल चाल जान आत्मीय संवाद किया। मजदूरी कर रही बहनों से संवाद कर लाड़ली बहना योजना के बारे में जानकारी ली और फिर मजदूरों के साथ सीएम ने फोटो भी खिचाई।

**सीएम ने पूछा- अम्मा कैसे दिए जामुन:** सड़क के किनारे बैठकर जामुन बेच रही महिला को देख सीएम खुद को रोक न सके। पैदल सड़क पार कर जामुन बैच रही अम्मा के पास पहुँचे, जामुन भी चखे और उनके हाल चाल भी जाने। जितनी खुशी और प्रसन्नता अम्मा के चेहरे पर झलक रही थी, उतने ही खुश दिखे मुख्यमंत्री। इस बीच सीएम ने वहाँ छोटे- छोटे बच्चों से भी संवाद किया।

## फुटबॉल खेलते बच्चों के बीच मुख्यमंत्री

बच्चे मैदान में फुटबॉल खेल रहे थे, तभी सीएम भी उनके बीच पहुँच गए, फुटबॉल खेलते बच्चों से आत्मीय मुलाकात की। उनके परिवार और खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। बच्चों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाया।

## बहनों हमें गरीब नहीं, लखपति बनना है

इसी बीच गाँव में सड़क किनारे खड़ी महिलाओं के बीच पहुँच, आजीविका मिशन की बहनों से संवाद किया। महिलाओं से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने उनकी आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी ली और कहा की बहनों हमें गरीब नहीं रहना, लखपति बनना है। इस अवसर पर सीएम ने बहनों से लाड़ली बहना योजना के सबंध में बात कर उनके खुश रहने की कामना की।





## प्रदीप त्रिपाठी प्रेरणा के संरक्षक बने

कैलाश कुमार - सह संपादक(युवाप्रदेश)

जबलपुर। बहुप्रचारित संस्था प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा द्वारा हिंदी प्रचार प्रसार के कार्यों से प्रभावित होकर श्री प्रदीप त्रिपाठी कवि शिक्षाविद् ग्वालियर मध्यप्रदेश ने सदस्यता ग्रहण की है। संस्था के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने दिनांक 29.06.2023 को जारी विज्ञप्ति में बताया कि संस्था के प्रेरणा स्रोत डॉ धर्म प्रकाश वाजपेयी जी की सहमति व सलाहकार विजय कुमार जी की अनुशंसा पर प्रदीप त्रिपाठी को संरक्षक मनोनीत किया है। प्रदीप मिश्रा अजनबी, डॉ लाल सिंह किरार, राजकुमारी रैकवार राज, सुशील राठौड़, दिलीप अग्रवाल, कवि पप्पू सोनी आदि ने प्रदीप त्रिपाठी जी को बधाई दी है। संस्था के प्रेरणा स्त्रोत डॉ धर्म प्रकाश वाजपेयी जी ने कहा कि प्रदीप त्रिपाठी जी हिंदी के प्रचार-प्रसार में अमूल्य योगदान देंगे और उनके प्रेरणादायक कार्यों से हिंदी प्रचार में निरंतर वृद्धि होगी।



*जल जंगल जमीन जीवन बचाओ सांझा मंच मध्यप्रदेश की श्याम कुमारी धुर्वे जी ने वीर मनीराम अहिरवार को श्रद्धा सुमन अर्पित किये*

## गोंडवाना साम्राज्य के राजमहल की धरोहर बचाने वाले अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को सम्मान न देना नाइंसाफी : श्याम कुमारी धुर्वे

**भोपाल।** देश की आजादी में हर वर्ग के क्रांतिकारी वीरों और वीरांगनाओं ने कुर्बानी दी है, यह एक सच्चाई है। लेकिन हमारे अनुसुचित जाति व अनुसूचित जनजातियों के महापुरुषों को अभी तक महान योगदान देश की आजादी में कुर्बानी देने के पश्चात अभी तक सम्मान न दे यह तो सरासर नाइंसाफी हुई। हमारे पूर्वजों ने आजादी के महायज्ञ में प्राणों की आहुति दी है। जैसे कि भगवान विरसा मुंडा जी, अछूतानंद जी, टडया भील जी, राजा शंकर शाह जी एवं रघुनाथ शाह जी, झलकारी बाई जी रानी, दुर्गावती जी, रानी कमलापति जी, बाबू जगजीवन राम जी, एवं वीर मनीराम अहिरवार जैसे अनेक बलिदानी महापुरुषों ने अपने अपने स्तर पर देश के लिए आजादी दिलाने में सब कुछ न्यौछावर कर दिया है। ऐसे अनेक हमारे गुमनाम दलित आदिवासियों ने आजादी के आन्दोलन में सहयोग कर कुर्बानी दी। जिन्हें क्या प्रत्येक जिले के सेनानी दस्तावेजों में वे रिकार्ड में दर्ज न करना अनुचित है। अतः शासन को अवश्यक रुप से इस दिशा में नाम उजागर करना चाहिए। जिनकी हमारे वर्ग के द्वारा अभी तक मांग उठाना पड़ रही है कि सम्मान क्यों नही दिया। वीर मनीराम जी के सुपौत्र मूलचन्द मेधोनिया की जी के निवास पर आकर जल जंगल जमीन जीवन बचाओ सांझा मंच मध्यप्रदेश की समाजसेविका श्याम कुमारी ध्रुवे जी डिंडौरी मध्यप्रदेश ने सन 19 42 के स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजी सेना से संघर्ष करने वाले महान क्रांतिकारी वीर मनीराम जी के छाया चित्र पर फूल अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये और मोमबत्ती प्रज्वलित कर नमन किया। इस



मौके पर नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव निवासी श्री डालचंद चौधरी जी (रिटायर्ड बैंक ऑफीसर) जो कि अहिरवार समाज व अनुसूचित जाति के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सरोकारी है। जिन्होंने भी नरसिंहपुर जिले के स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन में शहादत देने वाले महान क्रांतिकारी अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और मोमबत्ती जलाकर श्रध्दांजलि अर्पित की।

किसी ने कहा- मुझे लड़की नहीं,यार
लड़का चाहिये
तो मै कहा उसे,अरे पागल
बेटी नहीं होती, तो मै कहा होता
बेटी नहीं होती, तो तुम भी कहा होते
तेरी नानी के घर मे, तुम्हारी माँ ना होती
तो तुम कहा से होते
तेरे दादी के कोख से तेरा बाप ना होता
तो तुम कहा से होते
बेटी नहीं होती तो , तेरा वंश आगे कहा होता
बेटी नहीं होती तो दुनिया कहा होता
बेटी नहीं होती तो,घर मे फुलवारी कहा होती
बेटी नहीं होती तो,ये किलकारी कहा होती
बेटी से ही, माँ की मूरत हैं
जो भगवान से बढ़ के ,एक देवी की सूरत हैं
बेटी से ही तो जीवन मे प्यारी सी बहना
जो सारे रिस्तो मे अनमोल सा गहना हैं
बेटी से ही, जीवनसाथी जैसी स्वरूप हैं
जो जीवन मे खुद का एक रूप हैं
और तुम कहते हो,बेटी नहीं बेटा चाहिये
अरे बेवकूफ तेरे जैसे क्या निकम्मा चाहिये
बेटी है तो सारी दुनिया है,
बेटी है तो सारा जहाँन है
बेटी के बगैर ना,कुछ नामो निशान हैं



POETRY BY- R.SURYA

## क्षेत्रवासियों और समाज सेवियों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से समारोह संपन्न

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

**पिपरिया।** जिला नर्मदापुरम नगर, कला मंदिर,जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)में धम्म विचार संगोष्ठी के द्वारा क्षेत्रवासियों और समाज सेवियों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धम्म विचार संगोष्ठी से वरिष्ठ समाज सेवी श्री पी.डी. चौधरी जी द्वारा की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आशीष पलेरिया जी,विशेष अतिथि सुखदेव सिंह कालोटी जी (अमृत सेवा समिति),नंदराम अहिरवार जी(पी.जी.कॉलेज पिपरिया) गोविंद प्रसाद अहिरवार जी (रिटा.शिक्षक) नरसिंह रावत जी(जनपद सदस्य), समाज सेवी ब्रजेश आर्य जी, एड.सुदामा प्रसाद जी,राजू टिकैत जी,जन जागृति मंडल × चेंज फ़ॉर एजुकेशन के संचालक उमेश कविराज जी,एड.गुमान सिंह मांडले जी,दिनेश अहिरवार जी,पर्वत सिंह मधोरिया जी,राकेश चौधरी जी(सामा.परिवर्तन युवा संगठन नरसिंहपुर),मोहिनी



ठक्कर जी,की गरिमामयी उपस्थिति में, संकल्प फाउंडेशन के संचालक श्री निरंजन वैष्णव जी के द्वारा उपस्थित छात्र छात्रओं का कैरियर मार्गदर्शन किया गया,उन्होंने छात्र,छात्राओं को कैरियर के लिए विशेष टिप्स दिए। MPPSC से वैज्ञानिक अधिकारी के पद पर चयनित हुए महेंद्र कुमार जी ने भी छात्रों को कैरियर मार्गदर्शन दिया सुखदेव सिंह कालोटी जी ने भी छात्र,छात्राओं को मार्गदर्शित किया सभी अतिथियों द्वारा छात्र,छात्राओं को संबोधित किया गया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मैडल,प्रशस्ति पत्र,ट्रॉफी,पेन एवं बाबा साहब का छायाचित्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विशेष प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया जिसमें महेंद्र कुमार, डॉ.विकास टैगौर डॉ.आशीष पलेरिया, दीपक मांडले (शिक्षक), देवकुमार(शिक्षक) एवं स्वयं का व्यवसाय शुरू करने वाले अनिरुद्ध भारती( वस्त्र भंडार) ,भागचंद भैया(वस्त्र भंडार), रामजी पुन्हारे (वस्त्र भंडार), बहुजन गायक उमेश कविराज जी(जन जागृति मंडल) ,चंदन सिंह तिलंथे जी (फुले म्यूजिकल ग्रुप भोपाल) को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला नर्मदा पुरम, नरसिंहपुर, रायसेन एवं आसपास के छात्र-छात्राएं एवं वरिष्ठ जनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में धम्म विचार संगोष्ठी के सभी साथियों ने व्यवस्था बनाने में पूर्ण सहयोग किया। एवं महेश राठौर जी का विशेष सहयोग रहा।

## आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# कलेक्टर ने नोड़ल अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा






**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 1 जुलाई 2023 को शहडोल जिले के ग्राम पंचायत लालपुर एवं ग्राम पंचायत पकरिया में प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने आज विराट सभागार में कार्यक्रम के सभी नोड़ल अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा । समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नोड़ल अधिकारियों से मंच व्यवस्था, मीडिया की बैठक व्यवस्था, मीडिया के प्रवेष की व्यवस्था, मीडिया को पास वितरण, कार्यक्रम में जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की डियूटी लगी है उनके पास वितरण, विद्युत व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं के तैयारियों के संबंध में नोड़ल अधिकारियों से जानकारी ली तथा निर्देष दिये कि सभी नोड़ल अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का जबावदेही एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करें। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को आवष्यक निर्देष भी दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हिमांषु चंद्र, अपर कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा, एसडीएम जैतपुर श्रीमती ज्योति परस्ते, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री विपिन पटेल,जिला आबकारी अधिकारी श्री सतीष कष्यप, समयन्वयक जन अभियान परिषद श्री विवेक पाण्डेय सहित अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित थें।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का ग्वालियर में भव्य स्मारक बनाया जायेगा




**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हम सब लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के वंशज हैं। उन्होंने लोक कल्याण के लिये जो कार्य किए हैं उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। माँ अहिल्याबाई होल्कर का ग्वालियर में भव्य स्मारक बनाया जायेगा । बेहटा में बन रहे बस स्टेण्ड का नाम अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखा जायेगा। इसके साथ ही बघेल और धनगर समाज के कल्याण के लिये प्रदेश में एक बोर्ड गठित किया जायेगा। जिसके अध्यक्ष को कैबिनेट मंत्री का दर्जा होगा। लोकमाता अहिल्याबाई के जन्मदिवस पर प्रदेश में एच्छिक अवकाश रहेगा । मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ग्वालियर के ग्रामीण क्षेत्र बेहटा में शनिवार को बघेल समाज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। बेहटा में आयोजित बघेल समाज के सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चरणों की सौगंध खाकर कहता हूँ की बघेल समाज के कल्याण के लिये कोई कोर कसर नहीं छोड़ूँगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, लोक निर्माण राज्य मंत्री श्री सुरेश राठखेड़ा, उद्यानिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह, क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, बघेल समाज आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र पाल सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्वालियर-चंबल अंचल के बघेल समाज के नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछड़े समाज की प्रगति का जब कार्य किया जाता है तो कुछ लोगों को तकलीफ होती है। लेकिन प्रदेश में पिछड़ी जातियों के हितार्थ के लिये कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बहनों के सशक्तिकरण के लिये और उनकी जिंदगी बदलने के लिये मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का क्रियान्वयन प्रारंभ किया गया है।

# रोजगार दिवस कार्यक्रम आज खरगोन में

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 30 जून को खरगोन में महिला सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। साथ ही राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम में 3 लाख 28 हजार 590 युवाओं को विभिन्न योजना में 1483 करोड़ 17 लाख के लोन उपलब्ध कराने की प्रतीकात्मक शुरुआत करेंगे। सचिव एमएसएमई श्री पी नरहरि ने बताया कि राज्य-स्तरीय कार्यक्रम के अलावा जिला मुख्यालयों में जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम भी होगा। जिलों के कार्यक्रम में विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं में जिले में लाभान्वित हितग्राहियों को जन-प्रतिनिधि स्वीकृति-पत्र वितरण करेंगे। चार जिलों के हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद का कार्यक्रम इस बार नहीं होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान की मंशानुरूप वर्ष 2021 से रोजगार दिवस कार्यक्रम प्रारंभ करके प्रत्येक माह 2 लाख से अधिक युवाओं को स्व-रोजगार उपलब्ध करवाने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

# कुर्बानी का प्रतीक बकरीद त्यौहार पर नमाज अता कर मांगी मुल्क में अमन चैन की दुआ , दावत में शिरकत की प्रथमजिला अपर सत्र न्यायाधीश

**गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट**

**शहडोल।** कुर्बानी को हर धर्म में ईश्वर को पाने का सबसे प्रबल पथ माना जाता है।मुस्लिम धर्म में कुर्बानी का अर्थ है खुद को अल्लाह के नाम पर कुर्बान कर देना यानी अपनी सबसे प्यारी चीज का त्याग कर देना। इसी भावना को उजागर करता है मुस्लिम धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार ईद उल अजहा जिसे हम बकरीद के नाम से भी जानते है । शहडोल जिले के बुढार जामा मस्जिद के इमाम मौलाना उबैद ने बकरीद के त्योहार के संबध में कहा कि यह त्योहार हजरत इब्राहिम और उनके बेटे हजरत इस्माइल की ईश्वर की राह में दी गई कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। तत्पश्चात 8ः30 बजे मौलाना उबैद ने ईद उल अजहा की विशेष नमाज जामा मस्जिद में अदा कराई और अपनी बस्ती एवं मुल्क में अमन चैन एवं शांति आपसी प्रेम सौहार्द की दुआएं मांगी। ईद उल अजहा की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी।इस अवसर पर नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा. मो. हुसैन अधिवक्ता मो. हारून अंसारी ने अपने



निवास पर दावत एवं ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे प्रथम जिला अपर सत्र न्यायाधीश हिदायतउल्ला खान ने सपरिवार शिरकत की एवम ईद उल अजहा पर्व की बधाई दी। ईद मिलन समारोह में सभी वर्ग के लोगो ने शिरकत की। दोपहर से लेकर रात्रि तक दावत का दौर चलता रहा ।साफ सफाई एवं स्वच्छता के लिए नगर पंचायत का सहयोग रहा शांति व्यवस्था बनाए रखने में थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला एवं स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।


# कुर्बानी का प्रतीक बकरीद त्यौहार पर नमाज अता कर मांगी मुल्क में अमन चैन की दुआ , दावत में शिरकत की प्रथमजिला अपर सत्र न्यायाधीश

**गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट**

शहडोल। कुर्बानी को हर धर्म में ईश्वर को पाने का सबसे प्रबल पथ माना जाता है।मुस्लिम धर्म में कुर्बानी का अर्थ है खुद को अल्लाह के नाम पर कुर्बान कर देना यानी अपनी सबसे प्यारी चीज का त्याग कर देना। इसी भावना को उजागर करता है मुस्लिम धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार ईद उल अजहा जिसे हम बकरीद के नाम से भी जानते है । शहडोल जिले के बुढार जामा मस्जिद के इमाम मौलाना उबैद ने बकरीद के त्योहार के संबध में कहा कि यह त्योहार हजरत इब्राहिम और उनके बेटे हजरत इस्माइल की ईश्वर की राह में दी गई कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। तत्पश्चात 8ः30 बजे मौलाना उबैद ने ईद उल अजहा की विशेष नमाज जामा मस्जिद में अदा कराई और अपनी बस्ती एवं मुल्क में अमन चैन एवं शांति आपसी प्रेम सौहार्द की दुआएं मांगी। ईद उल अजहा की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी।इस अवसर पर नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा. मो. हुसैन अधिवक्ता मो. हारून अंसारी ने अपने निवास पर दावत एवं ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे प्रथम जिला अपर सत्र





न्यायाधीश हिदायतउल्ला खान ने सपरिवार शिरकत की एवम ईद उल अजहा पर्व की बधाई दी। ईद मिलन समारोह में सभी वर्ग के लोगो ने शिरकत की। दोपहर से लेकर रात्रि तक दावत का दौर चलता रहा ।साफ सफाई एवं स्वच्छता के लिए नगर पंचायत का सहयोग रहा शांति व्यवस्था बनाए रखने में थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला एवं स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।


# एमपी ट्रांसको ने ज़ुलवानिया में स्थापित किया 160 एमव्हीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर




**भोपाल।** एमपी ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने निमाड़ क्षेत्र में अपनी ट्रांसफारमेशन क्षमता में बढ़ोत्तरी करते हुए 220 के व्ही सबस्टेशन जुलवानिया में 160 एमव्हीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के कार्य को 16.20 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है। इससे 220 के व्ही सबस्टेशन जुलवानिया की क्षमता बढ़कर 403 एमव्हीए की हो गयी है तथा बड़वानी जिले की ट्रांसफारमेशन क्षमता बढ़कर 2019 एम व्ही ए की हो गयी है। श्री तोमर ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से निमाड़ क्षेत्र की पारेषण क्षमता को मजबूती मिली है। इससे विद्युत उपभोक्ताओं को भरोसेमंद उच्च गुणवत्तापूर्ण विद्युत सप्लाई समुचित वोल्टेज पर उपलब्ध रहेगी। एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता खंडवा श्री वाय.के. माथुर ने बताया कि बड़वानी जिले में एमपी ट्रांसको 400 केव्ही के 1 सबस्टेशन जुलवानिया, 220 केव्ही के 2 सबस्टेशन सेंधवा एवं जुलवानिया तथा 132 केव्ही के 6 सबस्टेशनों सेंधवा, पाटी, पानसेमल, बड़वानी, अंजड़, और शाहपुरा (बड़वानी) से विद्युत पारेषण करती है। इनकी कुल क्षमता 2019 एमव्हीए की है।

# कांग्रेस में हो रही अल्पसंखयको की उपेक्षा विधानसभा चुनाव मे कही भरी न पड़ जाये: चैतन्य मिश्रा

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर। मध्य प्रदेश में जैसे-जैसे चुनाव की तरफ सियासी दलों के कदम बढ़ रहे हैं, वैसे ही हर वर्ग को साधने की कवायद भी तेज होती नजर आ रही है. विधानसभा चुनाव को देखते हुए सियासी दल अपनी कमर कसती हुई दिखाई दे रही है। साल 2023 के अंत में एमपी में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में पार्टियों के नेता एवं कार्यकर्ता अपनी अपनी मांगो को लेकर मुखर हो रहे हैं।अनूपपुर जिले के काई वरिष्ठ कांग्रेसीयो ने अपनी ही पार्टी पर उपेछा का आरोप लगते हुए कहा की प्रदेश के साथ साथ जिले में भी मुसलमानों को उनकी आबादी के अनुरूप कहीं पर भी प्रतिनिधित्व नहीं मिला। कांग्रेस का यह वादा है कि हर समाज को उसकी आबादी के अनुसार सत्ता में भागीदारी दी जाएगी। 2011 की जनगणना के मध्य प्रदेश की कुल आबादी में 6.57 प्रतिशत मुसलमान हैं. यानी राज्य में करीब 50 लाख मुस्लिम मतदाता हैं वहीं मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले की बात की जाये तो जिले में मुस्लिम समुदाय की मतदाता लगभग 47 हजार है जिसमें अनूपपुर विधानसभा में मुस्लिम मतदाता लगभग 20 हजार कोतमा विधानसभा में मुस्लिम मतदाता लगभग 17 हजार और पुष्पराजगढ़ विधानसभा में मुस्लिम मतदाता लगभग 10,हजार मतदाता है ,लेकिन कांग्रेस पार्टी का सबसे मजबूत वोटर होने के बावजूद कार्यक्रमों में मुस्लिम नेताओं की उपेक्षा की जा रही है समुदाय को हाशिये पर धकेला जा रहा है । अधिकांश मुस्लिम मतदाताओं ने आरोप लगते हुए कहा की बिगत दिनों जिले में प्रदेश के दो बड़े नेताओ कमलनाथ एवं दिग्विजय



सिंह का आगमन कार्यक्रम हुआ जिसमे जिले के किसी भी अल्पसंख्यक नेता को मंच पर स्थान नहीं दिया गया न ही अनूपपुर जिले के नगरपालिका चुनाव में एक भी अल्पसंख्यक, मुश्लिम नेता या कार्यकर्ता को पार्षद का टिकट नहीं दिया गया। लगातार बिगत तीन वर्षो से जिला कांग्रेस की कमेटी का गठन नहीं किया गया ,जिले में कांग्रेस पार्टी के नाम पर जो कुछ है वो केवल ज़िलाध्यक्ष ही है और चंद मुठ्ठी भर फेसबुकिया नेताओं के भरोसे लिया निर्णय लिया जा रहा है वही निष्ठावान कार्यकर्ताओं और नेताओं को दर किनार किया जा रहा है , व्यक्तिवादी सोच , तुष्टीकरण की नीति, संगठन विस्तार पर ध्यान नहीं , पार्टी में अलग-अलग खेमे बने हुए हैं,आमजन से सीधे जुड़ाव नहीं किया जा है, जिला कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र नहीं बचा है कथनी और करनी में अंतर जैसे कारणों से जिले में कांग्रेस लगातार कमजोर होती जा रही है। वहीं संगठन के दम पर गत विधानसभा चुनाव 2018 में जिले की तीनो सीटों में क्लीन स्वीप किया था.लेकिन अब यहां की परिस्थितियां और समीकरण दोनों बदल गए है । ऐसे में क्या मौजूदा कांग्रेस आगामी समय में सिर्फ भाजपा के विरोधी लहर के भरोसे चुनाव जीतने का सपना देख रही है ,अपनी खुद की कोई रणनीति नहीं है ।वहीं एक तरफ भाजपा, मुस्लिम वोटर्स को साधने के लिए जगह-जगह %सूफी संवाद% करके अपने खिलाफ बनी हुई मुस्लिम विरोधी छवि को तोड़ने का प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के नेता अपने सबसे मजबूत वोटर को उपेक्षित कर कांग्रेस पार्टी को कमज़ोर करने में लगे हुए है। कहीं यही कारण आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेश पार्टी को भारी न पड़ जाए

# पी एम ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से भोपाल-इंदौर व भोपाल-जबलपुर सहित तीन अन्य वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से 5 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने इनमें से तीन वंदे भारत ट्रेन को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने ट्रेन में यात्रा कर रहे बच्चों के साथ संवाद भी किया। बच्चों ने अपने प्रिय प्रधानमंत्री से खुलकर बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी एक दिवसीय प्रवास पर भोपाल आए। राजा भोज विमानतल पर उतरने के बाद पीएम सड़क मार्ग से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुँचे।

स्टेशन पर प्रधानमंत्री का राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, केंद्रीय कृषि और किसान-कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, सांसद वी.डी. शर्मा, प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सहित अन्य मंत्री गण एवं जन-प्रतिनिधियों ने हार्दिक स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे स्टेशन पर उपस्थित जन-समुदाय का अभिवादन किया। जन-समुदाय ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आज से आरंभ होने वाली वंदे भारत ट्रेन में यात्रा के लिए बैठे स्कूली बच्चों से भेंट कर भारत की प्रगति और उपलब्धियों, भविष्य के लक्ष्य के बारे में बात-चीत की। स्कूली बच्चों ने प्रधानमंत्री को आजादी के अमृत महोत्सव, विश्व में बनती भारत की






प्रभावपूर्ण स्थिति पर केन्द्रित पेंटिंग्स तथा प्रधानमंत्री का हस्त निर्मित चित्र भेंट किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन पाँच वंदे भारत रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाई वे हैं; भोपाल (रानी कमलापति)- इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस; भोपाल (रानी कमलापति)-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस; रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस; धारवाड़-बैंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस और गोवा(मडगांव)-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस। इनमें से अंतिम तीन को प्रधानमंत्री ने वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भोपाल- इंदौर, वंदे भारत एक्सप्रेस मध्यप्रदेश के दो महत्वपूर्ण शहरों के बीच सरल और त्वरित यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी तथा क्षेत्र में सांस्कृतिक, पर्यटन एवं धार्मिक स्थानों की कनेक्टिविटी में सुधार लाएगी। वंदे भारत ट्रेन से भोपाल से इंदौर की 269 किलोमीटर की दूरी अब साढ़े तीन घंटे में तय हो जाएगी। भोपाल -जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस महाकौशल क्षेत्र (जबलपुर) को मध्य प्रदेश के मध्य क्षेत्र (भोपाल) से जोड़ेगी। इसके अतिरिक्त, बेहतर कनेक्टिविटी से क्षेत्र के पर्यटन स्थलों को भी लाभ होगा। इस ट्रेन के चलने से भोपाल से जबलपुर की 340 किलोमीटर की दूरी अब साढ़े चार घंटे में ही तय हो जाएगी

रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस झारखंड और बिहार के लिए पहली वंदे भारत रेलगाड़ी होगी। पटना और रांची के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाने वाली यह रेलगाड़ी पर्यटकों, छात्रों और व्यवसायियों के लिए वरदान साबित होगी। धारवाड़-बैंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस कर्नाटक-धारवाड़ और हुबली में महत्वपूर्ण शहरों को राज्य की राजधानी बैंगलुरु से जोड़ेगी। इससे क्षेत्र के पर्यटकों, छात्रों, उद्योगपतियों आदि को अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा। गोवा (मडगांव)-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस गोवा की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस होगी। यह मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और गोवा के मडगांव स्टेशन के बीच चलेगी। इससे गोवा और महाराष्ट्र दोनों के ही पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बरगद, कचनार और मौलश्री के पौधे रोपे



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में बरगद, कचनार और मौलश्री के पौधे रोपे। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ न्यूज़-24 नई दिल्ली के एंकर श्री शुभम् सिंह ने अपने जन्म-दिवस पर अपनी मां श्रीमती मंजू राजपूत के साथ पौधे लगाए। श्री समीर प्रसाद तथा श्री संदीप ने भी अपने जन्म-दिवस पर पौधे रोपे। पौध-रोपण में जनपद पंचायत आलोट जिला रतलाम के अध्यक्ष श्री कालू सिंह परिहार, जिला पंचायत रतलाम के सदस्य श्री रमेश मालवीय तथा जन-प्रतिनिधि श्री गोपाल, दिलीप सिंह राठौड़, मांगू सिंह, कृष्ण चंद्र सिसोदिया, सामाजिक कार्यकर्ता श्री पंकज सिंह टेकाम, सुश्री पूजा देवी, सुश्री सोनम मरावी, श्रीमती प्रगति श्रीवास्तव और श्रीमती मंजू सिंह शामिल हुई।

# आजाद समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद जी पर हुए जानलेवा हमले को लेकर भोपाल में ज्ञापन





**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल मोबाइल 8878054839**

भोपाल। दिनांक - 28.06.2023 को सहारनपुर के देवबंद में मनुवादी सोच रखने वाले कुछ अज्ञात हमलावरों ने आजाद समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भीम आर्मी संस्थापक आदरणीय चंद्रशेखर आजाद जी पर सुनियोजित जानलेवा हमला किया गया है। जो बेहद गंभीर है दुखदाई मुद्दा है। भीम आर्मी संस्थापक आदरणीय चंद्रशेखर आजाद जी द्वारा पूर्व में कई बार अपनी सुरक्षा व जान के खतरे के संबंध में सहारनपुर एसएसपी व डीजीपी पुलिस लखनऊ व मुख्यमंत्री महोदय को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया था। परंतु शासन प्रशासन ने उनकी सुरक्षा को जानबूझकर गंभीरता से नहीं लिया जो बहुत ही निराशाजनक है शासन प्रशासन की शिथिलता पूर्ण के कारण ही यह घटना घटित हुई है । शासन प्रशासन के ढुलमुल रवैया के कारण ही प्रदेश में ऐसी घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है भीम आर्मी संस्थापक आदरणीय चंद्रशेखर आजाद जी बहुजन समाज के लोकप्रिय नेता हैं जिसमें बहुजन समाज के लाखों लोगों की आस्था और विश्वास है एवं उक्त घटना के कारण समाज के लाखों लोगों की भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है भीम आर्मी लगातार आदरणीय चंद्रशेखर आजाद जी की सुरक्षा की मांग करती रही है। इस मांग पत्र के माध्यम से हम प्रार्थीगण आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि उक्त मामले की गंभीरता को समझते हुए उक्त मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए उक्त मामले में दोषी अभियुक्तों को तुरंत गिरफ्तारी करते हुए सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए और दोषियों के विरुद्ध रासुका के तहत भी कार्रवाई अमल में लाई जाए तथा आदरणीय चंद्रशेखर आजाद जी की सुरक्षा को पुख्ता करते हुए उन्हें स्पेशल जेड सुरक्षा अविलंब उपलब्ध कराई जाए। अतः श्रीमान से प्रार्थना है कि समस्त बहुजन समाज की और के लाखों लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रार्थी गण कि उक्त मांगों को अविलंब पूरा करने की कृपा करें अति कृपा होगी।

**प्रार्थीगण की निम्नलिखित मांगे-**

1. उक्त घटना के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध रासुका की कार्रवाई अमल में लाई जाए।

2. माननीय चंद्रशेखर आजाद जी को गृह मंत्रालय से स्पेशल जेड सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।

3. उक्त मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चला कर जल्द से जल्द दोषियों को सजा दिलवाई जाए।

आजाद समाज पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में आज राजधानी जिला भोपाल में भीम आर्मी संस्थापक आजाद समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऊपर हुए हमले एवं जेड प्लस सुरक्षा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर राष्टपति के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमें उन्होंने बताया की यदि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिलेगी तथा राष्टीय अध्यक्ष जी को केंद्र सरकार द्वारा जेड प्लस सुरक्षा नहीं दी जाएगी तो मध्य प्रदेश की राजधानी में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा और अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा जिसमें उपस्थिति पुणे पदाधिकारी प्रदेश प्रवक्ता भीम आर्मी राजेंद्र बौद्ध जी अनिल मचारे भूपेंद्र कुशवाहा जिला अध्यक्ष डुह्यश्च जिला अध्यक्ष रंजीत दामले भीम आर्मी जिला अध्यक्ष जितेंद्र अहिरवार वार्ड अध्यक्ष विशाल वाकडे मनोज गड़वे महेश अहिरवार राहुल अहिरवार आदि पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश को विश्व में सरताज बनाया : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्योपुर जिले के विजयपुर विकासखंड मुख्यालय पर वृहद लाड़ली बहना सम्मेलन में कहा है कि, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल के स्वर्णिम कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में तरक्की की। श्री मोदी के नेतृत्व में आज देश विश्व में सरताज बना हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्योपुर जिले की कूनो में चीता प्रोजेक्ट की सौगात दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना हमारी बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान हैं। योजना से उन्हें आत्मनिर्भरता मिली हैं। अब उन्हें मायके जाने के लिए पति की तरफ नहीं देखना पड़ेगा। बहनें अपने बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होंगी। इस योजना में लाड़ली बहनों को दी जाने वाली राशि चरणबद्ध तरीके से बढ़ाते हुए तीन हजार रूपए तक की जाएगी। अभी महिलाओं को 12 हजार रूपए की राशि एक साल में मिलेगी जिसे बढ़ाकर वर्ष में 36 हजार रूपए तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि हम बहनों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। बहनों की आमदनी 10 हजार रूपए महीना तक की जाएगी। पीएम किसान सम्मान निधि में केन्द्र सरकार वार्षिक 6 हजार रूपए और राज्य सरकार 4 हजार रूपए दे रही हैं। राज्य सरकार की




राशि को बढ़ाकर अब 6 हजार रूपए कर दिया गया हैं। इस प्रकार अब एक साल में 12 हजार रूपए की राशि किसानों को मिलेगी। उन्होंने कहा कि 12वीं में 70 प्रतिशत अंक वाले मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप दिए जा रहे हैं और 12वीं में टॉपर छात्र-छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि, 4 जुलाई को मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना लाँच की जा रही हैं, जिसमें विभिन्न कंपनियों, फैक्ट्री में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को 8 हजार रूपए मासिक स्टाइपेंड दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटियों के लिए वरदान साबित हुई है। योजना के बाद प्रदेश में स्त्री-पुरूष लिंगानुपात में कमी आई हैं। योजना में शासन की ओर से बेटियों को पढ़ने के लिए पूरी फीस के साथ प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही हैं। श्योपुर जिले में चीता प्रोजेक्ट, मूंझरी बांध, मेडिकल कॉलेज की स्थापना, चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना आदि विकास कार्य लगातार जारी हैं। विजयपुर क्षेत्र के किसानों की मांग पर आज 539 करोड़ रूपए की वृहद सिंचाई परियोजना चेंटीखेड़ा बांध का भूमि-पूजन किया गया हैं। इससे 15 हजार 300 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी तथा 25 हजार की आबादी को पेयजल की सुविधा भी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने 644 करोड़ 41 लाख रूपए के विकास और निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। सम्मेलन के दौरान ग्रामीण आजीविका मिशन में संचालित 285 स्व-सहायता समूहों को 5 करोड़ 21 लाख रूपए की सीसीएल राशि का चेक प्रदान किया गया। इस राशि का उपयोग महिलाएँ अपनी आजीविका बढ़ाने के लिए कर सकेंगी। बालिका परी सोनी एवं रिषिका शिवहरे को लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत एक लाख 18 हजार रूपए की राशि के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### विधायक ने खिलाई रोजगार सहायकों को मिठाई, सीएम के प्रति आभार जताया

# रोजगार सहायकों का वेतन हुआ दोगुना, विधायक सुदेश राय का किया स्वागत





**सीहोर**

रोजगार सहायको का वेतन दोगुना कर दिए जाने से रोजगार सहायकों में खुशी की लहर दौड़ गई है गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र सीहोर के रोजगार सहायको ने विधायक सुदेश राय का स्वागत कर मुख्यमंत्री और विधायक का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर रोजगार सहायकों को विधायक सुदेश राय ने मिठाई भी खिलाई। जानकारी के अनुसार मप्र सरकार ने निर्णय लिया है कि सभी रोजगार सहायकों का वेतन तत्काल 9 हजार से बढ़ाकर 18 हजार किया जाएगा। साथ ही पंचायत सचिवों की नियुक्ति में 50% रिजर्वेशन रोजगार सहायकों को दिया है। रोजगार सहायक ग्राम पंचायत बराड़ी कला अखिलेश मेवाड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम रोजगार सहायक की महापंचायत बुलाकर मानदेय में वृद्धि 9000 से 18000 किया। वही सचिव भर्ती में 50% आरक्षण समस्त लाभ सचिव समान ही रहेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सीहोर विधायक सुदेश राय का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है। अखिलेश मेवाडा ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र सीहोर के रोजगार सहायकों ने विधायक सुदेश राय को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम संबोधित ज्ञापन भी सौंपा था। जिसमें वेतन बढ़ाए जाने का अनुरोध किया था। अब सरकार ने रोजगार सहायकों का वेतन बढ़ा दिया है। विधायक सुदेश राय ने भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## पिपरिया के पास धारगांव में महिला का बाघ ने किया शिकार, तीन दिन से थी लाापता



**पिपरिया।** वन ग्राम धारगांव में एक बाघ ने महिला का शिकार कर लिया। महिला पिछले तीन दिन से घर से लापता थी। उसके पति थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। महिला का शव क्षतविक्षत हालत में जंगल में मिला है। घटना की जानकारी लगने के बाद वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। धारगांव निवासी देवक सिंह ठाकुर द्वारा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी मां राशि बाई पति रामचंदी ठाकुर (55 वर्ष) एक जून को घर से लापता है। मां की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। सूचना पर थाने में गुम इंसान क्रमांक 36-2023 कायम कर जांच में लिया गया। शुक्रवार की रात्रि करीब 11 बजे वन परीक्षेत्र अधिकारी बीआर पदाम ने सूचना दी कि एक महिला को धारगांव के जंगल में बाघ ने खा लिया है और उसकी मृत्यु हो चुकी है। शव की पहचान धारगांव निवासी राशि बाई के रूप में हुई। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। घटनास्थल के निरीक्षण से महिला के शरीर के पेट के नीचे का हिस्सा शेष बचा था। बाकी ऊपर का हिस्सा किसी जंगली जानवर द्वारा खा लिया गया था। घटनास्थल पर मिली पायल व कपड़ों से स्वजन द्वारा महिला की पहचान की गई। घटनास्थल धार गांव से करीब दो किलोमीटर दूर घने जंगल में एक गुफा नुमा पहाड़ी पर मिला है। निरीक्षण से ऐसा प्रतीत हुआ कि महिला को किसी जंगली जानवर द्वारा घसीटकर पहाड़ी पर ले जाकर खाया गया है। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि बाघ के पग मार्क घटनास्थल के आसपास पाए गए है। रात्रि में बाघ का मूवमेंट ग्रामीण क्षेत्र के आसपास था। जिससे बाघ की सर्चिंग सुबह की गई।

## कटनी में जगन्नाथ मंदिर की जमीन से प्रशासन ने हटाए अवैध कब्जे



**कटनी**

जगन्नाथ चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर के पीछे स्थित जमीन पर बरसों से कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सरावगी ने बताया कि अवैध अतिक्रमण हटाने प्रशासन से मांग की गई थी। प्रशासन,पुलिस और नगर निगम की संयुक्त कार्यवाही में मंदिर की भूमि से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।सीएसपी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि जिन कब्जों को हटाया गया है उनमें से किसी व्यक्ति के पास न्यायालयीन स्थगन नहीं था।

## सामूहिक दुष्कर्म के बाद गर्दन मरोड़कर महिला की कर दी हत्या

**नर्मदापुरम।** जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में पंजाब से हार्वेस्टर लेकर आए तीन लोगों ने एक 50 वर्षीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद उसकी गर्दन मरोड़कर निर्ममता से उसकी हत्या कर दी। मामला तीन दिन पहले का है। पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार देर शाम को पर्दाफाश किया है। पिपरिया थाना प्रभारी उमेश तिवारी ने बताया कि जगमेल सिंह उर्फ रिंकू पिता जीत सिंह जाट, दर्शन उर्फ दर्शी पिता रामसिह जाट दोनों निवासी गलवटी तहसील जामा जिला पटियाला पंजाब एवं गांधी उर्फ हरदीप सिंह पिता राजविंद्र सिंह रविदास ग्राम गुदैया जिला पटियाला पंजाब फसलों की कटाई के लिए हार्वेस्टर लेकर आए थे। जब पीड़िता ने गांव वालों को उनकी करतूत बताने की बात कही तो तीनों ने गर्दन मरोड़कर उसकी हत्या कर दी। महिला के शरीर में कई जगह चोट पाई गई है।संदेह के आधार पर तीनों आरोपितों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने अपराध करना स्वीकार कर लिया।

## ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा का मैच आजः स्विजरलैंड में हो रही डायमंड लीग में लेंगे भाग; दिग्गजों से है मुकाबला



**पानीपत।** ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा आज स्विजरलैंड में हो रही डायमंड लीग में भाग लेंगे। ओलिंपिक और मौजूदा डायमंड लीग चैंपियन नीरज चोपड़ा (पर्सनल बेस्ट 89.94 मीटर) दोहा में पुरुषों की भाला फेंक में पहले स्थान पर रहने के बाद अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। यह मुकाबला जिओ सिनेमा और स्पोर्ट्स 18 पर लाइव देख पाएंगे। नीरज चोपड़ा इस टूर्नामेंट में जेवलिन स्टैंडिंग में नंबर वन के रूप में आ रहे हैं, वह दोहा में अपने प्रभावशाली 88.67 मीटर थ्रो के साथ मैदान से बाहर थे, लेकिन वह इस दूरी को लुसाने में बेहतर करने की कोशिश करेंगे। चोपड़ा की प्रतियोगिता में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (पर्सनल बेस्ट 93.07 मीटर), चेक गणराज्य के टोक्यो ओलिंपिक के रजत पदक विजेता जैकब वाडलेज (पर्सनल बेस्ट 90.88 मीटर), जर्मनी के जोहान्स वेटर (पर्सनल बेस्ट 97.76 मीटर) और पूर्व ओलिंपिक पदक विजेता के केशान वालकॉट (पर्सनल बेस्ट 90.16 मीटर) शामिल हैं। नीरज चोपड़ा ने पिछले साल लॉजेन डायमंड लीग में टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया था, जहां उन्होंने 89.08 मीटर के थ्रो के साथ 85.20 मीटर की कट-ऑफ हासिल की थी। इससे पहले चोट के कारण वह एफबीके गेम्स और पावो नूरमी गेम्स से चूक गए थे। दोहा डायमंड लीग में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद उन्होंने 2023 की शानदार शुरुआत की थी। नीरज चोपड़ा हंगरी के बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 में भारत का नेतृत्व करेंगे। चैम्पियनशिप 19 अगस्त से शुरू होगी और 27 अगस्त को समाप्त होगी। भारत ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के इतिहास में केवल 2 मेडल जीते हैं। 2022 यूजीन में नीरज चोपड़ा सिल्वर मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बने। इससे पहले, 2003 में, अंजू बॉबी जॉर्ज ने महिलाओं की लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा करते हुए चैम्पियनशिप में भारत के लिए पहला मेडल जीतकर इतिहास रचा था। पिछले साल यूजीन में 2022 विश्व चैम्पियनशिप में भारत के कुल 23 एथलीट्स ने भाग लिया था।

## नवज्योति सेवा संस्थान का नशामुक्ति अभियान जारी

**खरगोन**

स्थानीय लोकप्रिय ह्लह्व नवज्योति सेवा संस्थान के तत्वावधान में 31 मई से ही निरंतर जारी हैं द्य इसी श्रृंखला में 26 जून को विश्व नशा निवारण दिवस पर भी शहर के बस स्टैंड, नूतन नगर, गौर ट्रेवल्स, बिस्टान रोड, सब्जी मण्डी, बावड़ी स्टैंड, बीटीआई रोड, ज़िला शिक्षा कार्यालय, डीपी सी ऑफिस, कलेक्टरेट एवं अन्य स्थानों पर यह अभियान चलाया गया द्य आयोजन में राहगीरों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परीणामों के प्रति जाग्रत किया गया, इसके साथ ही पेम्पलेट वितरण भी किये गए गए द्य इस नशामुक्ति अभियान में प्रमुख



रूप से इंडियन आर्मी बॉर्डर मेन व कारगिल युद्ध विजेता मान बी एल चौहान, समाजसेवी दिलीप वर्मा बाबा,स्व.निरंजनलाल अग्रवाल फाउंडेशनके अध्यक्ष प्रितेश



अग्रवाल , निमाड़ भारती सेवा संस्थान के अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल , जॉय ऑफ़ गिविंग समूह ,जागरूक पत्रकार शैलेन्द्र सेन, धन्नालाल साँवले, सुरेश कुशवाह साण्डवाला ,संजय कुमार पगारे,कार्यक्रम संयोजक मो. नदीम खान,प्रभारी विकास सोनी एवं संस्थापक लखनलाल पगारे उपस्थिति हुए।

## नवजात को गोबर की रोड़ी में जिंदा दबाने वाली कलयुगी मां गिरफ्तार..

**राजस्थान**

अनचाही बच्ची के पैदा होने पर निकुम्भ के बामनखेड़ी में एक महिला ने नवजात बालिका को मारने की नियत से गोबर की रोड़ी में दबाने के मामले में निकुम्भ थाना पुलिस ने बुधवार को नवजात की माता को गिरफ्तार कर लिया है। बालिका चित्तौड़गढ़ के सांवलियाजी चिकित्सालय में ईलाज के बाद सकुशल है। पुलिस अधीक्षक श्री राजन दुष्यंत ने बताया कि निकुम्भ थाने के बामनखेड़ी गांव में गोबर की रोड़ी में जिंदा मिली एक नवजात बालिका को ईलाज हेतु निकुम्भ सीएचसी के बाद चित्तौड़गढ़ सांवलियाजी



हॉस्पिटल लाया गया जहां उसका उपचार किया गया, जो इलाज से स्वस्थ हो गई। बामनखेड़ी के कालूराम पुत्र पूरणमल शर्मा की रिपार्ट पर अज्ञात महिला के खिलाफ निकुम्भ थाने पर नवजात बच्ची की हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर जांच निकुम्भ थानाधिकारी यशवंत सौलंकी को दी गई।

# शिव की आराधना कर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया श्री रुद्र महायज्ञ का भूमि-पूजन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने चंबल अंचल की सुख-समृद्धि के लिए सबलगढ़ जिला मुरैना में पुरुषोत्तम मास में होने वाले श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा स्थल का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ केंद्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं केंद्रीय नागरिक उड्डयन एव इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वैदिक मंत्रोच्चार से भगवान शिव की आराधना कर विधि-विधान से भूमि-पूजन किया। मध्यप्रदेश गोपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने कलश स्थापना कराई। मुख्य यजमान डॉ. मनु शर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर शॉल, श्रीफल और स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य आयोजक संत गोपाल दास महाराज ने बताया कि 31 जुलाई से 8 अगस्त तक भूमि-पूजन स्थल पर श्री रुद्र महायज्ञ, शिव महापुराण कथा के साथ ही सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण और 1100 महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ में 2100 यजमान पुरुषोत्तम मास में शिवजी की आराधना और उपासना करेंगे। बाहर से आने वाले यजमानों के भोजन और आवास की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी।

**केंद्रीय मंत्री तोमर एवं सिंधिया ने भी की पूजा-अर्चना**

## शादी का झांसा देकर युवती से रेप, गर्भवती होने पर कराया गर्भपात, बाद में शादी से मुकरा

**भोपाल**

भोपाल के अशोका गार्डन इलाके में 30 साल की युवती से शादी का झांसा देकर रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक की युवती से परिजनों की रजामंदी से शादी तय हुई थी। दोनों का मिलना जुलना होने लगा और नजकीदीयां बढ़ गई। इस दौरान युवती गर्भवती हो गई तो युवक के परिवार ने बदनामी की बात कहकर गर्भपात करा दिया। बाद में आरोपी व परिजन शादी से मुकर गए। इसके बाद पीड़िता ने थाने आकर मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

टीआई उमेश चौहान ने बताया कि मूलत- शुजालपुर का रहने वाला बृजेंद्र चढार भोपाल के अशोका गार्डन में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। 2021 में उसकी मुलाकात सागर की रहने वाली 30 साल की युवती से हुई। युवती भोपाल में रहकर प्राइवेट नौकरी व नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। दोनों में बातचीत शुरू हुई और प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों किराए का कमरा लेकर साथ रहने लगा। आरोपी बृजेंद्र ने शादी का प्रस्ताव दिया जिसे युवती ने स्वीकार कर लिया। दोनों के एक ही समुदाय का होने की वजह से परिवार शादी के लिए मान गया।

## पोस्टर मामले में PhonePe की चेतावनी पर कांग्रेस भड़की

**भोपाल**

मध्यप्रदेश में सीएम शिवराज सिंह के खिलाफ लगे पोस्टर्स पर PhonePe का लोगो इस्तेमाल करने पर कंपनी ने वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। इसके बाद कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया है। युवक कांग्रेस ने लाखों करोड़ों फोन से PhonePe अनइंस्टॉल करने की धमकी दी है।

इधर मध्यप्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि PhonePe की ओर से शिकायत आती है तो सरकार उस मामले में कार्रवाई करेगी। गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा, यह कांग्रेस की डर्टी पॉलिटिक्स है, जो खुलकर सामने आ गई। फोन-पे के ट्वीट के बाद तो कुछ कहने को बचा नहीं। ये लोग (कांग्रेस) किस तरह से दुरुपयोग करते हैं। इस उम्र में




कैसी लालसा और लोलुपता है सत्ता की... आप चरित्र हत्या की राजनीति पर आ गए। डर्टी पॉलिटिक्स पर आ गए। ये पब्लिक सब जानती है, ये सब अच्छा नहीं है। नरोत्तम मिश्रा के मुताबिक कमलनाथ जी खुद ही कह रहे हैं, तुमने पोस्टर लगाए तो हमने भी लगा दिए। इससे ज्यादा चिंता और निंदा की बात क्या होगी। अब अपने बचाव के लिए हम पर आरोप क्यों लगा रहे हो। हमने आरोप लगाए तो हम प्रमाण भी दे रहे हैं।

### बगैर प्लानिंग के 40 साल का रिकॉर्ड पूरी बिल्डिंग में रखा

# आग के वक्त तापमान 1700 डिग्री था, इसलिए पिघल गए कांच, लापरवाही की परतें

**भोपाल**

सतपुड़ा भवन में लगी आग की राख के साथ लापरवाही की परतें भी खुलती ही चली जा रही हैं। अब इस बिल्डिंग के फायर ऑडिट में सामने आया है कि जिस कमरे में सबसे पहले आग लगी, वहां लगे कांच तक पिघल गए थे। ऐसा तब होगा जब कमरे में 1700 डिग्री तक टेंपरेचर हो गया हो। इतने टेंपरेचर में आसपास का तापमान भी इतना ज्यादा रहता है कि कागज और फर्नीचर के लिए ऑटो इग्नीशन टेंपरेचर डेवलप कर दे।

कागज के लिए 250 डिग्री ऑटो इग्नीशन टेंपरेचर होता है, यानी इतने तापमान में कागज खुद ही आग पकड़ लेगा। लापरवाही की इंतेहा ये भी थी कि बगैर किसी प्लानिंग के यहां लॉबी और कमरों के बाहर भी ढेरों फाइलें रखी थीं। इन्हीं फाइलों ने ऑटो फ्यूल का



काम किया और आग ने इतना बड़ा रूप ले लिया। सतपुड़ा भवन के बड़े-बड़े केबिन्स में बैठने वाले अफसर चाहते तो ये फाइलें तरतीब के साथ रखी जा सकती थीं। बगैर प्लानिंग के 40 साल का रिकॉर्ड पूरी बिल्डिंग में रखा था। छठवीं मंजिल पर काम जारी था और पांचवीं मंजिल भी तोड़ी जा रही थी। इन मंजिलों पर रखा सामान सीढ़ी और लॉबी में बेतरतीब रख दिया गया।

फायर प्रिवेंशन - यहां बहुत ज्यादा तादात में 40 साल पुरानी भी फाइलें रखीं थीं, जो क्लास-ए फायर कैटेगरी होती हैं। सरकारी दावे ये हैं कि सिस्टम ऑनलाइन कर दिया है।

लाइफ सेफ्टी- गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, यदि होती तो उसके लिए पुरानी फाइलें-फर्नीचर जिम्मेदार होते। क्योंकि 99त्न मौतें स्मोक इन्हेलेशन से होती हैं।

फायर प्रोटेक्शन- पुराने पैटर्न के अग्नि सुरक्षा उपकरण लगे थे, जो चालू नहीं थे। पाइप खराब हो चुके थे और मोटर भी जाम थी।

इमरजेंसी प्रिपेयर्डनेस- 3 पोर्टेबल इंस्टीग्यूशर चलाए, लेकिन एसी के केपेसीटर फटने लगे तो लोग डरकर भागे। गोल्डन 1 मिनट में आग काबू नहीं हुई। इसकी वजह कर्मचारियों को बेसिक ट्रेनिंग न देना भी रहा।

पीडब्ल्यूडी ने दिया फायर ऑडिट का काम- सतपुड़ा भवन के मेंटेनेंस का काम पीडब्ल्यूडी का सीपीए डिवीजन कर रहा है। पीडब्ल्यूडी ने फायर ऑडिट की जिम्मेदारी आरपीएम फायर सर्विसेज नामक कंपनी को दी है। टेंडर हुआ है। वर्कऑर्डर के बाद कंपनी ने काम शुरू किया है।

## 1 जुलाई से बदलेगा सीए का सिलेबस, अपनी पसंद का सब्जेक्ट पढ़ सकेंगे स्टूडेंट

**भोपाल।** चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) सीए की पढ़ाई का सिलेबस एक जुलाई से बदलने जा रहा है। यह बदलाव नई एजुकेशन पॉलिसी को ध्यान में रखते हुए किया गया है। ऐसे में 7 साल बाद चार्टर्ड अकाउंटेंट का पाठ्यक्रम बदलेगा। बदले हुए सिलेबस में फाउंडेशन, इंटरमीडिएट व फाइनल के 20 में से केवल 16 लिखित पेपर सेंटर से होंगे। 4 पेपर सेल्फ पेस लर्निंग के जरिए होंगे। इन 4 पेपरों को छात्र देश के किसी भी हिस्से से ऑनलाइन माध्यम से दे सकेंगे। इसके साथ ही सीए की पढ़ाई करने की न्यूनतम समयावधि घटकर 3.5 साल हो गई है, अभी तक साढ़े चार साल का समय लगता था। इसके साथ ही आर्टिकलशिप के दौरान छात्रों को दिया जाने वाला स्टायपेंड भी बढ़ गया है। नए पाठ्यक्रम के तहत अब छात्र अपनी पसंद के विषय पढ़ सकेंगे। नए बदलाव के अनुसार छात्र पहली बार भारतीय संविधान, टेक्नोलॉजी, साइकोलॉजी, आर्ट ऑफ एडवोकेसी और फिलॉस्फी जैसे विषय फाउंडेशन से फाइनल के बीच पढ़ेंगे। पूर्व में सीए इंटरमीडिएट व फाइनल में अकाउंटिंग के दो पेपर थे, अब एक ही होगा। इसी तरह पहले इंटर और फाइनल में स्टूडेंट कॉस्टिंग पढ़ते थे। अब केवल इंटरमीडिएट में पढ़ेंगे, फाइनल से हटाया जाएगा। सीए आर्टिकलशिप 24 महीने की ही रहेगी। इसमें प्रति माह सिर्फ छुट्टी ही मान्य होगी।

### जाने वजह और क्या मुश्किलें आएंगी

# 9 शहरों में 9 मैच-इंडिया को भारी न पड़ जाएं

# वर्ल्ड कप में 10 हजार किमी सफर करेगी टीम

नई दिल्ली

पहली बार पूरी तरह भारत की मेजबानी में आयोजित हो रहे वनडे वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी हो चुका है। भारतीय टीम को अपने 9 लीग मैच 9 अलग-अलग शहरों में खेलने हैं।

टूर्नामेंट में भाग लेने वाली किसी भी अन्य टीम को अपने लीग मैच इतने ज्यादा शहरों में नहीं खेलने होंगे। वर्ल्ड कप के दौरान टीम इंडिया 34 दिन में करीब 10 हजार किमी का सफर तय करेगी।

ICC का कहना है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने खुद अपनी टीम के लिए इन शहरों का चुनाव किया है। माना जा रहा है कि BCCI ने यह कदम ज्यादा से ज्यादा राज्यों के क्रिकेट बोर्ड को खुश करने के लिए उठाया है।







## ट्रैवलिंग में ज्यादा समय बिताना पड़ेगा

वर्तमान शेड्यूल के अनुसार टीम को लीग मुकाबलों के दौरान 34 दिनों में करीब 10 हजार किलोमीटर का सफर करना होगा, जो थकावट भरा हो सकता है। टीम भले ही चार्टर्ड प्लेन से सफर करे, लेकिन ये प्लेन भी जेट लैग (विमान यात्रा से होने वाली थकान) से नहीं बचा सकते। वेन्यू ज्यादा होने से टीम का होम एडवांटेज सीमित हो जाता है, क्योंकि खिलाड़ियों को अलग-अलग मैदानों पर मैच खेलना होता है। ऐसे में उन्हें अपनी रणनीति में लगातार बदलाव करना होता है। वेन्यू ज्यादा होने से टीम मैनेजमेंट का वर्क लोड बढ़ जाता है। कोच और कैप्टन को अलग-अलग वेन्यू और प्रतिद्वंद्वी के लिहाज से टीम कॉम्बिनेशन में बदलाव करने होते हैं।

## रहाणे को टेस्ट टीम का उपकप्तान बनाने पर भड़के गांगुली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अजिंक्य रहाणे को टीम इंडिया का टेस्ट उपकप्तान बनाए जाने पर BCCI पर सवाल खड़े किए है। गांगुली ने कहा, आप 18 महीने तक टीम इंडिया से बाहर रहते हैं, उसके बाद वापसी पर एक टेस्ट मैच खेलने के बाद ही भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान बनाए जाते हैं। मुझे इस फैसले के पीछे की वजह बिल्कुल समझ नहीं आई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व प्रेसिडेंट गांगुली ने कहा- टीम इंडिया के पास रवींद्र जडेजा का विकल्प था, जिन्हें लंबे समय से टेस्ट क्रिकेट खेलने का अनुभव है, लेकिन वापसी के तुरंत बाद सीधे उपकप्तान बनाना, मुझे समझ नहीं आता। उन्होंने आगे कहा, चयन में निरंतरता होनी चाहिए। चयन गर्म या ठंडा नहीं होना चाहिए। 35 साल के रहाणे डेढ़ साल से टीम से बाहर थे, लेकिन इस महीने की शुरुआत में उन्होंने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) फाइनल में टीम इंडिया में वापसी की थी।

## एशियाड में क्रिकेट टीम भेजने को लेकर विचार करेगा BCCI, चीन में होंगे गेम्स 7 जुलाई को मीटिंग



मुंबई

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) इंडिया के एशियन गेम्स में खेलने को लेकर 7 जुलाई को मीटिंग करेगा। एशियाड चीन के हांगझोऊ शहर में 23 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक होगा। 2014 के बाद इस साल फिर 2022 एशियन गेम्स में क्रिकेट को शामिल किया गया है। इसमें मेंस और विमेंस के टी-20 मुकाबले होंगे।

अब तक तीन बार एशियाड में क्रिकेट लिया गया है, लेकिन भारत ने एक बार भी अपनी टीम नहीं भेजी है। हालाकि, अगर भारतीय टीम जाती भी है, तो टीम का बी स्क्वाड जाएगा। क्योंकि मुख्य टीम आगामी एशिया कप और वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटी होंगी।

### इस साल भारत भेज सकता है टीम

इस साल भारत के एशियन गेम्स के क्रिकेट इवेंट में हिस्सा लेने की बहुत संभावना है। क्योंकि पिछले कुछ समय से BCCI 2028 ओलिंपिक्स में भी क्रिकेट को शामिल करने के निरंतर प्रयास कर रहा है। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने 2022 में मल्टीस्पोर्ट इवेंट बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा लिया था।

### एशियाड में तीसरी बार क्रिकेट

2010 ग्वांगझू चीन और 2014 इंचियोन साउथ कोरिया एशियाड में भी मेंस और विमेंस क्रिकेट इवेंट हुए थे। 2010 में बांग्लादेश ने मेंस और पाकिस्तान ने विमेंस कैटेगरी में गोल्ड जीता था। वहीं, 2014 में श्रीलंका की पुरुष और पाकिस्तान की महिला टीम चैम्पियन बनी थी। 2010 एशियाड में बांग्लादेश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका, चीन, हॉन्गकॉन्ग, मलेशिया, नेपाल और मालदीव की मेंस और पाकिस्तान, बांग्लादेश, जापान, चीन, नेपाल, थाईलैंड, हॉन्गकॉन्ग और मलेशिया की महिला क्रिकेट टीमों ने 2010 एशियाड में हिस्सा लिया था।

# व्यापार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3780-3825, खोपरा गोला 105-120, खोपरा बूरा 1950-3800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 520-525, ऊंझा हल्का 550-575, मीडियम 580-585, बेस्ट 620-625, हल्दी निजामाबाद 120-140, सांगली 165-170, साबूदाना हल्का 6600-6700, मीडियम 6750-6850, बेस्ट 7450-7500, वर लक्ष्मी 7500, सौंफ मोटी 230-240, मीडियम 265-385, बेस्ट 305-350, सौंफ बारी?क 190-225, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 520-522, गरबल 511-515, मटर दाना 565-575, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-725, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 2000-2050, केसर 125-145, बेस्ट 155-165, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 525-550, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 725-750, एवरेज 675-700, सिंगापुरी 690-700, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1350-1360, मैदा कट्टा 1360-1370, रवा कट्टा 1400-1410, बेसन 3350 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1450-1500, (160) 1600-1650, (200) 1650-1700, (250) 1750-1800

**तेल :-** सींगदाना 1660-1680, मुम्बई 1680-1690, राजकोट तेलिया 2650, सोया साल्वेंट 890-895, सोया रिफाइंड 955-960, कपास्या 900, धूलिया 905, कड़ी 910,

**तिलहन :-** सरसो 5700-5900, रायडा 4400-4600, सोयाबीन 5000-5150, एवरेज 4700-4900, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

### मार्केट कैप भी 3 ट्रिलियन डॉलर के पास पहुंचा

# एपल का शेयर करीब 190 डॉलर का हुआ

कैलिफोर्निया

अमेरिका की मल्टीनेशनल टेक्नोलॉजी कंपनी एपल का शेयर बुधवार (28 जून) को रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। एपल का शेयर 1.19 डॉलर यानी 0.63% बढ़कर 189.25 डॉलर पर बंद हुआ था। इसके साथ ही एपल का मार्केट कैप भी करीब 3 ट्रिलियन डॉलर (2.98 ट्रिलियन) के पास पहुंच गया है।

रिफाइनिटिव डेटा के अनुसार, यह एपल के शेयरों के लिए लगातार दूसरा रिकॉर्ड हाई लेवल है। एपल ने अभी तक 3 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के मार्केट कैप के साथ ट्रेडिंग सेशन क्लोज नहीं किया है। 3 जनवरी 2022 को इंट्रा-डे ट्रेडिंग में एपल का मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा पहुंच गया था और ट्रेडिंग सेशन क्लोज होने पर उस लेवल के नीचे आ गया था। दुनिया की सबसे



वैल्यूएबल कंपनी एपल के शेयरों में लेटेस्ट बढ़त इस साल वॉल स्ट्रीट की कई टेक्नोलॉजी से जुड़ी दिग्गज कंपनियों के मजबूत रिबाउंड के बाद आई है। फेडरल रिजर्व जल्द ही अमेरिकी ब्याज दरों को कम कर सकता है और आने वाले दिनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का भविष्य अच्छा हो सकता है। यही वजह है कि एपल के शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है।

2023 में अब तक एपल के शेयर में 46% की तेजी देखने को मिली है। इसी टाइम ड्यूरेशन में Nvidia का शेयर 185% बढ़ा है। इसके साथ ही Nvidia 1 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की स्टॉक मार्केट वैल्यू को पार करने वाली पहली चिप मैकर कंपनी भी बन गई है। इस साल टेस्ला और मेटा का शेयर अब तक दोगुना से भी ज्यादा बढ़ा है। वहीं 2023 में माइक्रोसॉफ्ट के शेयर में 40% की तेजी आई है।

### 5 जून को दुनिया का सबसे महंगा हेडसेट एपल विजन प्रो लॉन्च किया

एपल ने 5 जून को दुनिया का सबसे महंगा मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट एपल विजन प्रो लॉन्च किया था, जिसकी कीमत 2.88 लाख रुपए है। तब एपल ने अपनी एनुअल डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस-WWDC23 में हेडसेट के अलावा अन्य कई प्रोडक्ट्स भी लॉन्च किए थे। इस इवेंट के बाद से ही एपल के शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है।

### इंडिगो का मार्केट कैप 1 लाख करोड़ के पार

मुंबई। इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड यानी इंडिगो का मार्केट कैपिटलाइजेशन बुधवार (28 जून) को 1 लाख करोड़ रुपए के आकड़े को पार कर गया है। इसके साथ इंडिगो इस अचीवमेंट को हासिल करने वाली देश की पहली एयरलाइन कंपनी बन गई है। इंडिगो का शेयर 3.55% की तेजी के साथ 2619.85 रुपए के स्तर पर बंद हुआ।

## ट्विटर ने कैरेक्टर लिमिट 25,000 की, सब्सक्रिप्शन वाले यूजर को फायदा

सैन फ्रांसिस्को

माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर (Twitter) ने कैरेक्टर लिमिट को 25,000 कर दिया है। साथ ही यूजर अब कैरेक्टर के साथ इमेज भी एड कर सकेंगे। कंपनी ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से इसकी अनाउंसमेंट की है। ट्विटर ने बताया कि इन फीचर्स का फायदा सिर्फ ब्लू सब्सक्रिप्शन प्लान लेने वाले यूजर को ही मिलेगा। कंपनी के मालिक एलन मस्क ने इस पर अपने एक



ट्वीट कर कहा कि, लॉन्ग फॉर्म पोस्ट में सुधार किया गया है। इससे पहले कंपनी ने 14 अप्रैल को ब्लू सब्सक्राइबर्स के लिए कैरेक्टर लिमिट को 280 से बढ़ाकर 10,000 किया था। अब ट्विटर पर बोल्ड और इटैलिक जैसी टेक्स्ट फॉर्मेटिंग का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके साथ ही ट्विटर क्रिएटर्स के लिए मोनेटाइजेशन फीचर भी पेश किया था। यानी अब ट्विटर से पैसा भी कमा सकेंगे। एलन मस्क ने 14 अप्रैल को ट्वीट करते हुए कहा था कि अपने फॉलोअर्स को लॉन्गफॉर्म टेक्स्ट से लेकर घंटों लंबे वीडियो तक किसी भी मटेरियल का सब्सक्रिप्शन ऑफर करने के लिए अप्लाय करें।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)